आकाषवाणी जयपुर–अजमेर से
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 10.05.2024 समय 18.30

- राज्य में भीषण गर्मी के बीच आज पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई जगह बूंदा–बांदी और हल्की बारिश हुई।
- दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों में इस्तेमाल किए गए 28 हजार से ज्यादा मोबाइल हैंडसैट को ब्लॉक करने के संबंध में सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिए।
- प्रदेश में मिलावट के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में कई जिलों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाही की।
- राज्य में परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया परम्परागत धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाये जा रहे हैं।

000

राज्य में भीषण गर्मी के बीच आज पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई जगह बूंदा–बांदी और हल्की बारिश हुई है। नीमका थाना, हनुमानगढ और उदयपुर में दोपहर में अचानक बादल छा गये और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। उदयपुर में मूसलाधार पानी बरसा। श्रीगंगानगर में दोपहर में आंधी चली, इसके बाद हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कोटपूतली–बहरोड में भी आंधी चली। जिले के बानसूर में इस दौरान ओले गिरे। विराट नगर के बावडी में आधे घंटे तक बरसात हुई। प्रदेश के बाकी हिस्सों में गर्मी के तेवर तीखे बने हुए हैं। इस बीच मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल भी बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग कहीं–कहीं आंधी–बारिश की प्रबल संभावना है।

**000**

दूरसंचार विभाग–डीओटी ने साइबर अपराधों में इस्तेमाल किए गए 28 हजार दौ सौ मोबाइल हैंडसेट को समूचे भारत में ब्लॉक करने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिये हैं। विभाग ने मोबाइल हैंडसेट से जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शन्स को फिर से तुरंत सत्यापित करने के भी निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में इन कनेक्शन्स को डिसकनेक्ट करने का निर्देश दिया गया है।

000

जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में पत्र सूचना कार्यालय की ओर से आज क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन ''वार्तालाप'' का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारों को हाल ही में संशोधित किये गये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र में मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, डॉ. मालिनी अग्रवाल ने कहा कि संशोधित आपराधिक कानूनों से न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी, जिससे पीड़ित लोगों को न्याय मिलने में आसानी होगी।

------------------------------

दूसरे सत्र में सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगमोहन शर्मा ने भारतीय न्याय संहिता के अस्तित्व में आने के पूरे इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नए क़ानूनों में ट्रांसजेंडर शब्द का भी उल्लेख है। इसमें संगठित अपराध का ज़िक्र किए जाने के अलावा ख़ास मामलों में सामुदायिक सेवा का प्रावधान भी किया गया है। सत्र में गृह मंत्रालय के सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के समन्वयक अशोक चौहान ने भी तीनों नये कानूनों के बारे में चर्चा की। तकनीकी विशेषज्ञ एडवोकेट निशिथ दीक्षित ने नये आपराधिक कानूनों में भारतीयता की खुशबू का जिक्र किया और इनमें शामिल साइबर अपराधों और डिजिटल साक्ष्यों के क़ानूनों की बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने **'डिजिटल बाय डिज़ाइन'** ट्रायल की अवधारणा के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि आपराधिक कानूनों में किये गये बदलावों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने में मीडियाकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

000

.....................

प्रदेश में पंजीयन और मुद्रांक विभाग के सभी पूर्णकालिक 114 उपपंजीयक कार्यालय अब शनिवार और रविवार को भी खुले रहेंगे। विभाग के महानिरीक्षक ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिये ये आदेश जारी किये गये हैं। इससे दस्तावेज के पंजीयन और बकाया राशि की वसूली तथा अन्य काम अवकाश के दिन भी हा सकेंगे।

000

प्रदेश में चिकित्सा विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट खोरों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत खाने पीने की चीजों के नमूने लिये जा रहे हैं। कोटपूतली–बहरोड़ में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बहरोड़ के एक गोदाम पर छापा मारकर एक्सपायरी डेट के 18 कार्टन रसगुल्ला नष्ट करवाये। कार्रवाई के दौरान दही, पनीर और रसगुल्ले के सैंपल लिए गए। जयपुर के खाद्य और औषधि नियंत्रण आयुक्तालय के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने आज बूंदी के खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह और उनकी टीम के साथ एक चावल मिल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं होने पर अतिरिक्त आयुक्त इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की बात कही। टीम ने मिल से चावल के 3 नमूने भी लिये।

000

प्रदेश में आज परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया परम्परागत धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाये जा रहे हैं। इस अवसर पर कई जगह भगवान परशुराम के चित्र के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। पाली में घरों में उनकी पूजा–अर्जचना की गई। वहीं किसानों ने अपने खेतों में जाकर खेजड़ी और हल की पूजा–अर्चना की। अजमेर में पुष्कर रोड़ स्थित परशुराम मन्दिर पर सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है, यहां भण्डारा भी हुआ। अजमेर न्यायालय परिसर में स्थित मन्दिर में भगवान परशुराम की महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। श्रीगंगानगर में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हवन और यज्ञ के आयोजन के अलावा विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शहर के परशुराम चौक को सुन्दर ढंग से सजाया गया है। आज पुरानी आबादी गौड़ धर्मशाला से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए परशुराम चौक तक शोभायात्रा भी निकाली जा रही है। जयपुर के आमेर में कुण्डा गणेश मन्दिर से अम्बेकेश्वर महादेव मन्दिर तक वाहन रैली निकाली गई। झालावाड़ जिले में कई जगह भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। जोधपुर ग्रामीण, बाडमेर और करौली में शोभा यात्रा निकाली गई। अक्षय तृतीया यानि आखातीज पर अबूझ सावा होने के कारण विवाह समारोह और मांगलिक कार्य भी होते हैं। पाली में आखातीज पर नन्हें बच्चों द्वारा दूल्हा दुल्हन का स्वांग रचा जाता है। यह परम्परा प्राचीन काल से ही चली आ रही है जिसको आज भी निभाया जा रहा है। झालावाड जिले में आखा तीज परम्परागत रूप से श्रद्धापूर्वक मनायी जा रही है। बाडमेर जिले में आज आखातीज पर किसानों ने अनाज की पूजा की। इस अवसर पर पारम्परिक खेल **औंधल खेटो** खेला गया। कोटा के मथुराधीश मन्दिर समेत विभिन्न मन्दिरों में परशुराम जयंती पर पूजा–अर्चना की गई। उधर बीकानेर में आखातीज पर जमकर पतंगबाजी होती है। इस दौरान होने वाली दुर्घटनाओं के मद्दे नजर शहर के पीबीएम अस्पताल में खास इन्तेजाम किए गए । ट्रोमा सेंटर के सीएमओ डॉ. एल.के. कपिल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर तक टोमा सेंटर में चाइनीज माझे से घायल 35 लोगों को लाया जा चुका था। एक शख्स की हालत गंभीर बताई जा रही है।

000

जैसलमेर जिले के रामदेवरा कस्बे में राम सरोवर तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। ये युवक कल बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने के बाद राम सरोवर तालाब में दोस्तों के साथ नहाने गया था। घटना की जानकारी मिलने पर रामदेवरा पुलिस घटना स्थल पहुंची। गोताखोरों की मदद से मृतक का शव आज बाहर निकाला जा सका।

000

राजसमंद में चारभुजा थाना सर्कल पर कार की टक्कर से पैदल जा रही एक महिला और उसकी पोती की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बच्ची ने उदयपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

000

जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बाघिन रानी ने आज तीन शावकों को जन्म दिया है। उपवन संरक्षक जगदीश गुप्ता ने बताया कि इस बाघिन को मार्च 2021 में ओडिशा के नन्दनकानन से जयपुर लाया गया था और ग्वालियर के गांधी ज़ूलॉजिकल पार्क से लाये गये बाघ शिवाजी के साथ इसका जोड़ा बनाया गया। उन्होंने बताया कि इस खबर से वन्यजीवन प्रेमी उत्साहित है।

000

पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने आज जयपुर के जवाहर कला केंद्र में पूर्व आईएएस शुचि शर्मा की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतिभा को दर्शाने की कोई उम्र नहीं होती और उसे किसी भी वक़्त लोगों के सामने लाया जा सकता है। इस प्रदर्शनी में शुचि शर्मा द्वारा बनाये गये 102 चित्र प्रदर्शित किये गये हैं।

000